हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिए नई अस्थायी नियुक्ति मेरिट पर होगी

HaryanaJobs.in

डिप्लायमेंट ऑफ कांट्रेक्चुअल पर्सन पॉलिसी, 2022 में तय किया चयन का मानदंड

[illegible]

चंडीगढ़, 14 जून : हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिए प्रदेश सरकार के बोर्डों, निगमों, विभागों और अन्य में जिन नए अस्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति होगी, उनका चयन मेरिट पर होगा। इसके लिए डिप्लायमेंट ऑफ कांट्रेक्चुअल पर्सन पॉलिसी, 2022 में चयन का मानदंड तय किया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। [illegible]

मनोहर लाल

[illegible]

परिवार की सालाना आय के उद्देश्य से परिवार का अर्थ है :

पुरुष आवेदक का अर्थ : आवेदक स्वयं, उसके पिता, माता, पत्नी, अविवाहित भाई और पुत्र।

अविवाहित महिला आवेदक का अर्थ : अविवाहित महिला आवेदक स्वयं, उसके पिता, माता और अविवाहित भाई।

विवाहित महिला आवेदक का अर्थ : विवाहित महिला आवेदक स्वयं, उसके पति, पुत्र, सास, अविवाहित जेठ/देवर और पुत्र।

तलाकशुदा महिला आवेदक का अर्थ : तलाकशुदा महिला आवेदक स्वयं, उसके पिता, माता, अविवाहित भाई और पुत्र।

कौशल योग्यता के अधिकतम 20 अंक यूं मिलेंगे : जिन जॉब रोल के लिए न्यूनतम शिक्षा योग्यता [illegible] एनएसक्यूएफ सर्टिफिकेट यानी आईटीआई/एनएसडीसी/एसएससी [illegible] से मान्यता प्राप्त [illegible] सर्टिफिकेट होगा, उसे अधिकतम 20 अंक मिलेंगे।

सामाजिक-आर्थिक मानदंड के 05 अंक इस तरह होंगे

अगर उम्मीदवार विधवा है या आवेदक ऐसा अनाथ या दूसरा बच्चा है, जिसके पिता की मृत्यु 42 साल पूरी होने से पहले हो गई हो या आवेदक अनाथ या दूसरा बच्चा है, जिसके पिता की मृत्यु आवेदक की उम्र 15 साल पूरी होने से पहले हो गई हो तो पांच अंक मिलेंगे।

डिग्री के 10 अंक यूं मिलेंगे

किसी जॉब रोल के लिए [illegible] उम्मीदवार को डिग्री में प्राप्त अंकों का 10 फीसदी वेटेज मिलेगा। [illegible]

ईज ऑफ डिस्प्लेसमेंट के 10 अंक यूं मिलेंगे

अगर उम्मीदवार उसी जिले का निवासी है, जिस जिले के लिए जॉब रोल है तो उसे अतिरिक्त 10 प्वाइंट वेटेज मिलेगी।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के 50 अंक यूं मिलेंगे

जिस उम्मीदवार का परिवार मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) से संबंधित है तो उसे 50 प्वाइंट मिलेंगे।

कांट्रैक्ट पर नियुक्ति के लिए यह होगा चयन का मानदंड

मानदंड	अधिकतम स्कोर
वार्षिक पारिवारिक आय	40
उम्मीदवार की उम्र	15
कौशल योग्यता	20
सामाजिक-आर्थिक मानदंड	05
संबंधित डिग्री	10
ईज ऑफ डिस्प्लेसमेंट	10
मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार	50
कुल	150

वार्षिक पारिवारिक आय के अंक 10 से 40 होंगे, इनका आवंटन इस तरह होगा

सालाना आय (रुपये)	
अधिकतम स्कोर (पारिवारिक) 1,80,000 तक	40
1,80,001 से 2,50,000 तक	30
2,50,001 से 4,00,000 तक	20
4,00,001 से 6,00,000 तक	10

उम्र के लिए अधिकतम 10 अंकों का आवंटन यूं होगा

उम्र	अधिकतम स्कोर (प्वाइंट)
18 से 24	05
24 से 30	10
30 से 36	15
36 से 42	10
42 से ज्यादा	00